# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय के चौदहवें सत्रांत के अवसर पर विद्यार्थियों को सिलाई मशीन, लैपटॉप एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संस्कृत में विशिष्ट शोध और उच्च अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक विशिष्ट स्कॉलरशिप जारी करने जा रही है।

**आने वाले समय में संस्कृत ही दुनिया की जोड़ने वाली भाषा होगी, याद रखना संस्कृत के बिना किसी का काम चलेगा नहीं। और इसीलिए हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में इस बात के लिए व्यवस्था बनाई। मुझे याद है संस्कृत के बच्चों के लिए स्कॉरशिप होनी चाहिए, कोई स्कॉलरशिप नहीं थी। मुझे प्रसन्नता है कि हम लोगों ने संस्कृत पढ़ने वाले हर छात्र के लिए स्कॉलरशिप जारी की है। और अभी आने वाले समय में हम यह भी व्यवस्था करने जा रहे हैं कि संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए रहने की व्यवस्था के लिए और खाने की व्यवस्था के लिए भी सरकार उसमें योगदान देगी।**

मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत वाराणसी में आयोजित स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छता कर्मियों के खाते में सीधे सोलह से बीस हजार रुपये भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वच्छता कर्मियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की तैयारी कर रही है।

**हम लोग यह भी व्यवस्था बनाने जा रहे हैं कि सभी स्वच्छताकर्मियों को, स्वच्छता मित्रों को हम लोग पांच लाख रुपये का आयुष्मान भारत के कार्ड की स्वास्थ्य की सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रहे हैं।**

**********

निर्वाचन आयोग ने दो चरणों में बिहार चुनाव की घोषणा कर दी है। पहले चरण में एक सौ इक्कीस सीटों के लिए छह नवम्बर को चुनाव होंगे, जबकि दूसरे चरण में एक सौ बाइस सीटों पर ग्यारह नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना चौदह नवम्बर को होगी।

**********

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कफ सिरप का विवेकसम्मत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। केन्द्र ने कहा कि सामान्य खांसी के लिए किसी अलग औषधि की आवश्यकता नहीं होती, यह अपने आप ठीक हो जाती है। एक रिपोर्ट–

**संदूषित कफ सिरप से हाल में बच्चों की मौत की घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की उच्च–स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में औषधि गुणवत्ता विनियमों के अनुपालन की समीक्षा की गई और विशेष रूप से बच्चों में कफ सिरप के विवेकसम्मत उपयोग पर जोर दिया गया। इससे पहले, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नड्डा ने इस मुद्दे की समीक्षा की थी और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ इस मुद्दे पर विचार–विमर्श का निर्देश दिया था। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से संस्कार पाठक।**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि देश में जिस कफ सिरप को लेकर चर्चा चल रही है उसे प्रदेश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने बताया कि कोई भी दवा जो मानकों के विरुद्ध है, उसे राज्य में अनुमति नहीं दी गई है।

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज जौनपुर के पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उन्तीसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने उन्यासी विद्यार्थियों को अस्सी स्वर्ण पदक प्रदान किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को पीएचडी और डी–लिट की उपाधि भी सौंपी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और बाइस सितंबर से शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**जीएसटी दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से बसोहली चित्रकलाएं अधिक किफायती हो गई हैं जिससे इसकी व्यापक मांग को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, 7500 रुपये तक के प्रवास के लिए पर्यटन और होटल शुल्कों पर जीएसटी दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। जम्मू– कश्मीर में हस्तशिल्प, कृषि उत्पादों, पर्यटन और स्थानीय उत्पादों पर जीएसटी के दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से, लागत कम करने और स्थानीय उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिल रही है। नितिका गुप्ता आकाशवाणी समाचार, नई दिल्ली।**

**********

कल प्रदेश भर में वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। राज्य सरकार ने इस अवसर पर जिला, तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी आयोजन के निर्देश दिए हैं। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट जिले के लालापुर में वृहद आयोजन कराने का भी निर्देश है। सरकार की ओर से कल सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

**********

मौसम विभाग ने आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने इस अवधि में इस अंचल में कहीं–कहीं बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है।

**********